हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार, 9 जनवरी, 2024

तापमान
अधिकतम 12.9 डिग्री
न्यूनतम 8.4 डिग्री

11 जितने संसाधन हैं, उन्हीं में अच्छे शोध करें : राज्यपाल



12 पौत्री जन्म पर ढोल बाजों के साथ कुआं पूजन करवाया



## शहर में आज

- दीनबंधु सर छोटूराम की 79वीं पुण्यतिथि पर जाट स्कूल में स्थित समाधि स्थल पर हवन यज्ञ सुबह 10 बजे से
- बिजली निगम कार्यालय में सुबह 10 से 2 बजे तक खुला दरबार
- अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे से
- बाबा लक्ष्मण पुरी की पुण्यतिथि पर गोकर्ण डेरे पर रक्तदान शिविर व भंडारा कार्यक्रम

## बिजली कट

- बिजली कट : सुबह 12 से 2 बजे तक, सेक्टर-2, सेक्टर-1, सेक्टर-3

आरोपी को नौकरी से निकाला गया

# जाट भवन के हॉल और कमरों की बुकिंग में लाखों रुपये का घोटाला

## संस्था के मौजिज व्यक्ति गबन के पैसों की रिकवरी करने के प्रयास में

अमरजीत एस गिल ▶▶ रोहतक

जाट भवन रोहतक में एक कारिंदे द्वारा लाखों रुपये की वित्तीय गड़बड़ियां करने का मामला प्रकाश में आया है। जिस पर ये आरोप लगे हैं, उसने करीब एक लाख दस हजार रुपये तो जमा भी करवा दिए हैं। मामले की जांच के लिए कमेटी बनाई जा चुकी है। कमेटी ने अभी तक जो इंक्वायरी की है, उसके मुताबिक कम से कम आठ- दस लाख रुपये की हेराफेरी की गई है। सभा के गणमान्य व्यक्तियों की कोशिश है कि आरोपी अगर पैसे जमा करवा देता है तो उसके खिलाफ नरमी का व्यवहार भी किया जा सकता है। जिस कारिंदे पर पैसों के घोटाले के आरोप है, उसे संस्था में नौकरी महासभा के एक चुने हुए प्रतिनिधि के अनुरोध पर लगाया गया था। अब वह व्यक्ति ही इस प्रयास में है कि किसी भी तरह से संस्था का पैसा आरोपी से वसूला जाए।

■ आरोपी के परिवार ने राशि जमा करवाने का दिया आश्वासन

### ऐसे हुआ खुलासा

गत 26 नवंबर को जाट भवन की आमसभा की मीटिंग हॉल में होनी थी। लेकिन मीटिंग हॉल को वित्तीय गड़बड़ियों के आरोपी कारिंदे ने उसी दिन के लिए ही किसी अन्य कार्यक्रम के लिए बुक किया हुआ था। जब इस बारे में महासभा के पदाधिकारियों ने कारिंदे से पूछा कि आज के लिए हॉल क्यों बुक किया गया। इस पर उन्होंने जवाब दिया कि हॉल की बुकिंग तो मीटिंग का दिन निर्धारित होने से पहले ही की गई थी। इस पर पदाधिकारियों ने कहा कि वह बुकिंग का रिकॉर्ड दिखाए। सूत्र बताते हैं कि कारिंदा पूरा रिकॉर्ड नहीं दिखा पाया। और जो रिकॉर्ड उन्होंने प्रस्तुत किया, उसके साथ छेड़छाड़ की गई थी। यानि के रसीद कितने पैसे की काटी गई थी और रजिस्ट्रर में इंट्री कुछ और दर्ज की गई थी। बताया जा रहा है कि कारिंदे को उसी समय नौकरी से निकाल दिया गया। हॉल के अलावा कमरों की बुकिंग में गड़बड़झाला किया गया है। बुकिंग करने वाले से पैसे कितने वसूल गए और महासभा के खाते में जमा कम करवाए गए।



### गबन का पैसा मिलने की पूरी उम्मीद

महासभा के पदाधिकारियों का दावा है कि आरोपी के परिवार ने पूरा आश्वासन दिया कि जितने भी पैसे की गड़बड़ी की गई हैं, उसकी पाई-पाई चुकता की जाएगी। क्योंकि ये पैसा महासभा का है और महासभा की समाज में काफी प्रतिष्ठा है। बताया जा रहा है कि आरोपी के नजदीकी रिश्तेदार भी अपने माथे पर महासभा का पैसा हड़पने का कलंक नहीं लगवाना चाहते हैं। इसलिए जितने भी रुपये की हेराफेरी की गई है, वह महासभा में जमा करवाया जा सकता है।

**जनरल बॉडी की बैठक करनी पड़ी थी लाइब्रेरी में:** 26 नवंबर को जब हॉल किसी व्यक्ति के लिए बुक किया गया तो महासभा की आमसभा लाइब्रेरी में करनी पड़ी। इसका मीटिंग में शामिल लोगों ने यह कहकर विरोध जताया कि जान बूझकर हॉल को बुक किया गया। ताकि आमसभा में कम से कम लोग शामिल हो। चूंकि लाइब्रेरी हॉल से काफी छोटी है। इसका जवाब कार्यकारिणी ने ये कहकर दिया कि हॉल आमसभा वाले दिन क्यों बुक किया गया, इसकी जांच शुरू करवा दी गई है। इसके बाद ही पदाधिकारी शांत हुए।

### अपने खाते में जमा करवाया पैसा

जाट भवन के कमरों की ऑनलाइन बुकिंग होती है। आरोप है कि बुकिंग का जो भी पैसा होता आरोपी उसे अपने खाते में जमा करवा लेता। संस्था के पैसे के निजी एकाउंट में किसी भी सूरत में जमा नहीं करवाया जा सकता है। सूत्र बताते हैं कि आरोपी बुकिंग से संबंधित रिकॉर्ड को अपने घर भी ले गया। रिकॉर्ड पर पानी डाले जाने की सूचनाएं भी महासभा से छन-छनकर आ रही हैं। लेकिन फिलहाल तक जांच कमेटी कुछ भी कहने को तैयार नहीं है। क्योंकि अभी इंक्वायरी पूरी नहीं हुई है।

### आरोपी के परिवार से पैसा जमा करवाने का आश्वासन दिया

मामले की जांच करवाई जा रही है। आरोपी के परिवार और नजदीकी रिश्तेदारों ने हमें आश्वासन दिया है कि गबन किया गया महासभा का एक-एक रुपये जमा करवा दिया जाएगा।

-मेजर चंद्र सिंह, प्रधान जाट महासभा रोहतक

# चौथे दिन भी पटवारियों और कानूनगो की हड़ताल रही जारी



रोहतक। मांगों को लेकर धरना देते कर्मचारी।

रोहतक। दी पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन रोहतक के आह्वान पर सोमवार को चौथे दिन भी पटवारी और कानूनगो अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे रहे। कई दिन तक लगातार हड़ताल रखने की वजह से अब संपति की रजिस्ट्री होनी बंद हो गई हैं। कार्यक्रम में पहुंचकर अर्बन स्टेट विभाग के पटवारी और कानूनगो ने भी धरने का समर्थन किया और कहा कि जब तक सरकार मांग नहीं मानेगी, तब तक आंदोलन खत्म नहीं होगा। इसके अलावा हर्ष वर्धन उप प्रधान बार एसोसिएशन रोहतक,सेवानिवृत्त डिप्टी डायरेक्टर खेल विभाग राजबीर सिंह व अन्य ने समर्थन किया।

**समर्थन देने पहुंचे संगठन** : सभा में सर्व कर्मचारी संघ से जगपाल सांगवान सतपाल सिवाच, ओम प्रकाश, राम निवास, खेमचंद,ओम प्रकाश कादियान, रमेश राठी, रोडवेज विभाग से जितेंद्र व अन्य संगठनों ने भी कर्मचारियों के आंदोलन को समर्थन दिया। पटवारियों ने कहा की हम लगातार 3 जनवरी से सरकार से मांग कर हैं कि जल्द से जल्द हमारी वेतन विसंगतियों और अन्य जायज मांगों का समाधान किया जाए। नहीं तो राज्य कार्यकारणी के आह्वान पर इस धरना प्रदर्शन को अनिश्चितकालीन धरना में बदला जाएगा । धरना पर महम,सांपला,कलानौर,लखनमजरा, रोहतक के सभी पटवारी कानूनगो मौजूद रहे । धरना प्रदर्शन के चलते तहसील में सारे काम ठप हो गए हैं। भूमि से जुड़े कार्य व डॉमिशियल इन्कम सर्टिफिकेट नहीं बन रहे।

## खबर संक्षेप

### डॉ. विनय नोडल अधिकारी नियुक्त

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने एस्टेट इंचार्ज डॉ. विनय मलिक को मेरी फसल मेरा ब्योरा के लिए यूनिवर्सिटी का नोडल ऑफिसर मनोनीत किया है। कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि मेरी फसल मेरा ब्यौरा के लिए यूनिवर्सिटी के नोडल अधिकारी के तौर पर डॉ. विनय मलिक की नियुक्ति तुरंत प्रभाव से की गई है।

### जन सेवा समिति का रक्तदान शिविर आज

महम। महम नगर पालिका के वाइस चेयरमैन एवं जनसेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष बसंत लाल गिरधर ने बताया कि बाबा लक्ष्मणपुरी महाराज की 29वीं पुण्यतिथि पर 9 जनवरी को रोहतक के डेरा लक्ष्मणपुरी में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। समिति अध्यक्ष ने कहा कि यह जनसेवा समिति का 156वां रक्तदान शिविर है। शिविर सुबह दस बजे शुरू होगा और शाम तीन बजे तक चलेगा। यह शिविर महामंडलेश्वर कपिलपुरी व बाबा कमलपुरी की देखरेख में लगाया जा रहा है। जेनसेवा समिति के पदाधिकारी सतीश सुनेजा, अशोक गुलाटी व गुलशन निझावन ने रक्तदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रक्तदान करने की अपील की है। बसंत लाल गिरधर ने बताया कि डेरे में भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा।

### समिति के प्रधान बने सुभाष चन्द्र भल्ला



रोहतक। वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति की सोमवार को विशेष बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता चुनाव अधिकारी चरन जीत खट्टर ने की। जिसमें कार्यकारिणी के सदस्यों ने सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चुना किया। जिसमें 3 वर्ष के लिए सुभाष चन्द्र भल्ला को प्रधान चुना गया। मदन लाल गांधी को सरपरस्त, जीके अरोड़ा को महासचिव, अशोक सहगल को संयुक्त सचिव, सतीश सुनेजा को सचिव, विजय कोचर को वरिष्ठ उपप्रधान, संतोष अरोड़ा को उपप्रधान, आरपी जुनेजा को प्रचार मंत्री, जगन्ननाथ आनंद को कोषाध्यक्ष, पुष्पा बतरा को सहकोषाध्यक्ष, विष्णु दत्त और ओमपाल पांचाल को सलाहकार चुना गया।

# लक्षु ने बॉक्सिंग के फाइनल में जगह बनाई




रोहतक। आईबी स्कूल की कक्षा 9वीं की छात्रा लक्षु ने दिल्ली में आयोजित अंडर-17 बॉक्सिंग नेशनल स्कूल गेम्स 2023-24 में पंजाब की खिलाड़ी अवनीत कौर को सेमीफाइनल के सेकेंड राउंड में नाकआउट करके फाइनल में जगह बनाई। यह जानकारी स्कूल के चेयरमैन अमरजीत ढुल ने की। उन्होंने बताया कि अब बॉक्सिंग के फाइनल मैच का मुकाबला लक्षु का दिल्ली की करंट एशियन और वर्ल्ड चैंपियन आकांक्षा पलेसवल के साथ होगा। चेयरमैन अमरजीत ढुल ने लक्षु व परिजनों को इस सफलता पर बधाई देते हुए फाइनल मैच में जीत के लिए आशीर्वाद दिया।

# एनपीएस रद की जाए, नहीं तो रेल का चक्का रोकेंगे

## पुरानी पेंशन की बहाली को चार दिन की भूख हड़ताल शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

■ नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन के तेवर तल्ख

पुरानी पेंशन बहाली को लेकर नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन द्वारा चार दिवसीय क्रमिक भूख हड़ताल शुरू कर दी गई है। रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर-1 पर कर्मचारी बैठ गए हैं। भूख हड़ताल का नेतृत्व सतबीर शर्मा कर रहे हैं।

इस कर्मिक भूख हड़ताल मे लगभग 40 कर्मचारियों ने भाग लिया। 8 से 11 जनवरी समय सुबह 9 से शाम 5 बजे तक प्रतिदिन क्रमिक भूख हड़ताल रहेगी। शाखा सचिव सुरेंद्र सैनी ने बताया कि एनपीएस कर्मचारियों के लिए गलत है। एनपीएस कोई गारंटी पेंशन नहीं है। एनपीएस शेयर मार्केट पर आधारित एक स्कीम है जो की भरोसेमंद नहीं है और एनपीएस में किसी भी प्रकार का महंगाई भत्ता बढ़ोतरी का प्रावधान नहीं है। इसक अलावा एनपीएस किसी भी प्रकार से यह कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा की गारंटी नहीं देती। उन्होंने बताया कि कर्मचारी केवल पुरानी पेंशन के लिए लामबंद हैं, अगर सरकार द्वारा पुरानी पेंशन बहाल नहीं की जाती है तो कर्मचारी आने वाले समय में रेल का चक्का जाम करेंगे। इस मौके पर कामरेड नरेंदर प्रताप सिंह ने बताया एनपीएस कर्मचारी विरोधी है। पुरानी पेंशन कर्मचारियों के हित में थी और एनपीएस कर्मचारियों के लिए छलावा। इस मौके पर रविंद्र कुमार, पवन कुमार, योगेश शर्मा, राजेराम शर्मा और हनुमान पहलवान मौजूद रहे



रोहतक। मांगों को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे यूनियन के सदस्य।

# सुपवा के शिक्षकों ने मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

रोहतक। दादा लख्मीचंद सुपवा के शिक्षकों ने राज्यपाल के संयुक्त सचिव अमरजीत सिंह और एडीसी हर्ष वर्मा को ज्ञापन सौंपा। अधिकारियों ने शिक्षकों को आश्वासन भी दिया। प्राध्यापकों ने कहा कि विद्यार्थी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय अवार्ड लेकर आ रहे हैं, लेकिन दूसरी तरफ कला के प्राध्यापकों के साथ खराब व्यवहार हो रहा है।



रोहतक। मांगों को लेकर राज्यपाल के संयुक्त सचिव को ज्ञापन देते शिक्षक।

**अनदेखी हो रही** : शिक्षकों ने आरोप लगाया कि उनकी अनदेखी की जा रही है। शिक्षकों को कई साल से सातवें वेतन आयोग और यूजीसी वेतनमान और पदोन्नति से मरहूम किया गया है। सुपवा के शिक्षकों को विमर्श प्रदर्शन करते हुए 8 महीने हो गए हैं, लेकिन अभी तक विश्वविद्यालय के प्रशासन ने कोई सुनवाई नहीं की। शिक्षक वेतन संगति को दूर करने और पदोन्नति की लगातार मांग कर रहे हैं।

# भैंसरू खुर्द के तालाब अब नहीं होंगे ओवरफ्लो

सांपला। भैंसरू खुर्द गांव के तालाब अब गंदे पानी व बारिश के दिनों में ओवरफ्लो नहीं होंगे। पंचायत ने इसका स्थाई समाधान कर दिया है। सोमवार से तालाब के गंदे पानी की निकासी शुरू की गई। जानकारी के अनुसार, गांव के दो तालाब पुराने हैं। जिसमें गांव का गंदा व बारिश का पानी भर जाता है। बारिश के दिनों में तालाब आवर फ्लो होकर पानी आस -पास की बस्ती में पहुंच जाता है। हर वर्ष लोगों को इस समस्या का सामना करना पड़ता है। अब ग्राम पंचायत में लाखों रुपए की लागत से दोनों तालाबों के पानी की निकासी के लिए पाइप लाइन दबाकर स्थाई समाधान कर दिया है। इस काम को पूरा करने में करीब 3 महीने का समय लगा। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के लोगों के लिए यह बड़ी समस्या थी और पंचायत ने गांव की सुविधा के लिए अच्छा कदम उठाया। सरपंच पुनीत कुमार ने बताया कि यह गांव की सबसे पुरानी समस्या थी।



पांच साल के कार्यकाल के बाद अपने निवास स्थान पर की प्रेसवार्ता

# मेयर बोले, राजनीति का सफर जारी रहेगा पार्टी ने कहा तो विधानसभा चुनाव लड़ूंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

■ बोले ,कर्मचारियों को सस्पेंड करने की पॉवर पहले होती तो और ज्यादा होते काम

■ कार्यकाल पूरा होने से तीन माह पहले ही मिली पॉवर

मेयर मनमोहन गोयल पांच साल का कार्यकाल खत्म होते ही चुनाव की तैयारियों में सक्रिय हो गए हैं। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने विधानसभा चुनाव पर कहा कि भारतीय जनता पार्टी उन्हें जो भी जिम्मेदारी देगी, वह उसे ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने कहा इस बार मेयर का चुनाव तो नहीं लड़ सकेंगे, लेकिन अन्य किसी जिम्मेदारी से पीछे नहीं हटेंगे और उनका राजनीतिक सफर जारी रहेगा। मेयर सोमवार को अपने निवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने साफ कहा कि उन्हें हस्ताक्षर की पॉवर नहीं मिली। इसके अलावा कोविड और कम बजट मिलने की वजह से भी काम कम हो पाए। सरकार और बजट देती तो और ज्यादा विकास होता। इसके बावजूद उन्होंने रिकार्ड तोड़ विकास कार्य करवाए।

### सरकार ओर बजट देती तो रोहतक का ज्यादा विकास होता : मेयर



रोहतक। पत्रकारों से बातचीत करते मेयर मनमोहन गोयल।

**राजनीति में ईमानदार लोगों का आना जरूरी** : मेयर मनमोहन गोयल का मानना है कि राजनीति में ईमानदार लोगों का आना बहुत ही जरूरी है। इसलिए लोगों को अपनी सोच बदलनी चाहिए। उन्होंने ऐसे लोगों को आगे लाना चाहिए जो साफ सुथरी और ईमानदारी छवि के लोग हों। क्योंकि ऐसे लोग ही आगे जाकर देश का भला कर सकते हैं। उन्होंने कहा नगर निगम को भी शहर में अपना एक अलग ऑडिटोरियम और स्टेडियम बनाना चाहिए, जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम हो सकें। इसकी काफी समय से शहर को जरूरत है। उन्होंने कहा निगम का खर्चा बहुत ज्यादा है। विकास कार्यों के लिए कम बजट मिलने की वजह से वह कई काम नहीं करवा पाए। बजट पूरा मिलता तो शहर का और ज्यादा विकास करवा पाते।

### कॉलोनियों को नियमित करवाया

मेयर ने बताया कि दस फुट से चौड़ी गली वाली कॉलोनियों की लिस्ट सीएम मनोहर लाल ने मांगी थी। 48 कॉलोनियां नियमित हो चुकी हैं इसके अलावा 75 की लिस्ट भेजी हुई है। सभी कॉलोनियां नियमित होंगी। इन कॉलोनियों के लोगों को सुविधाएं दी जाएंगी।

### जर्जर सड़कों की दशा सुधारी

उन्होंने बताया कि उनका ध्यान शुरू से ही जर्जर सड़कों की तरफ रहा। उन्होंने अधिकारियों से मिलकर काठमंडी, डीएलएफ कॉलोनी, अशोका चौक, झज्जर रोड की टूटी सड़कों की मरम्मत करवाई। इसके अलावा दर्जनों कॉलोनियों में पीने की पानी की समस्या और सीवर की समस्या दूर करवाई।

### ढाई साल में दो साल कोरोना में निकल गए : राजकमल सहगल

सीनियर डिप्टी मेयर राजकमल सहगल ने कहा कि उनका कार्यकाल मात्र ढाई साल का रहा। दो साल कोरोना में निकल गए। इसके बाद छह माह में जितने काम करवा सकते थे, वे करवाए गए। इसके अलावा अगर कर्मचारियों के सस्पेंशन की पॉवर शुरू से होती तो काम और ज्यादा हो सकते थे। उन्होंने कहा कि अभी भी वे जनता के बीच रहकर उनकी सेवा करते रहेंगे।

# रोडवेज कर्मचारी भी गरम, 11 को बैठक



रोहतक। मांगों को लेकर रणनीति बनाते रोडवेज कर्मचारी।

रोहतक। रोडवेज कर्मचारी यूनियन डिपो कमेटी की सोमवार को बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता डिपो प्रधान सुरेश नेहरा ने की। बैठक का संचालन रोहित देशवाल ने किया। जिला प्रधान जोगेंद्र बल्हारा ने कहा कि सरकार द्वारा सांझे मोर्चे को 11 जनवरी, 10 मार्च, 23 जून, 13 दिसंबर को कर्मचारियों की मांगों समाधान के लिए बैठकों के लिए आमंत्रित किया गया। सांझे मोर्चे ने कर्मचारियों की मांगों समाधान बारे तर्क व प्रमाण दिए गए। सरकार द्वारा सांझे मोर्चे द्वारा दिए गए तर्कों व प्रमाणों को सही मानते हुए मांगों को जायज माना और मांगो को लागू करने के परिपत्र जल्द जारी करने का भरोसा दिया गया। लेकिन बार-बार भरोसा देने के बाद भी मानी गई मांगों के परिपत्र आज तक जारी नहीं किए हैं। बैठक में दीपक बल्हारा, जयपाल चौहान, देवेंद्र काला, देवानंद, हरिओम, सुरेश ढिल्लो, संदीप व अन्य मौजूद रहे।

## खबरों के लिए हरिभूमि टीम

| | |
|---|---|
| मनोज वर्मा | 9253681012 |
| अमरजीत एस गिल | 8814999185 |
| विजय अहलावत | 9253681025 |
| नीरज वर्मा | 8814999188 |
| पंकज भाटिया | 9896363126 |
| छायाकार अनिल चहल | 9996236100 |

खबर संक्षेप


रोहतक। दोनो टीमों के साथ एमडीयू के खेल निदेशक प्रोफेसर आर पी गर्ग।

## फरीदाबाद व रोहतक की टीमें क्वार्टर फाइनल में

**रोहतक।** मदवि के सरदार वल्लभ भाई पटेल क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित इंटर कॉलेज पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता में डीएवी फरीबाद और एलएन हिंदू रोहतक की टीम पहुंची क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। सोमवार को एलएन हिंदू रोहतक ने पहले बेटिंग करते हुए 20 ओवर में 111 रन बनाए। इसके जवाब में डीएवी कॉलेज फरीदाबाद ने 14.3ओवर में 3 विकेट खोकर 7 विकेट से जीत हासिल की। डीएवी फरीदाबाद की तरफ से लक्ष्य ने 28 गेंदों में 42 रन बनाए और सौरभ ने 39 गेंदों में 37 रन बनाए और 7 विकेट से मैच जीत लिया।



## छात्रों और शिक्षकों ने यज्ञ में डाली आहुति

**रोहतक।** मदवि के मनोविज्ञान विभाग में सोमवार को हवन यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मनोविज्ञान विभाग की अध्यक्ष प्रो. सर्वदीप कोहली ने इस अवसर पर हवन यज्ञ की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए इसे आत्मिक एवं विश्व शांति के लिए महत्त्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि हवन यज्ञ मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। उन्होंने बताया कि मनोविज्ञान विभाग गत 10 वर्षों से प्रत्येक वर्ष 8 जनवरी को हवन यज्ञ का आयोजन करता आ रहा है।



## सीनियर डिप्टी मेयर ने विदाई पर कर्मियों को दिया भोज

**रोहतक।** सीनियर डिप्टी मेयर राजकमल (राजू) सहगल ने पांच साल का कार्यकाल खत्म होने पर नगर निगम के कर्मचारियों को भोज करवाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारियों ने बहुत अच्छी तरह से उनके काम को किया। उनका पूरा सहयोग मिलता रहा। उन्होंने कहा आगे भी आमजन की सेवा जारी रहेगी।

## सड़क किनारे खड़ा कंटेनर चोरी

**गन्नौर।** जीटी रोड पर सड़क किनारे खड़ा कंटेनर चोरी हो गया। कंटेनर चालक ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में दादीपुर असगरपुर, जिला अमीगंज, यूपी के रहने वाले राजीव ने बताया कि वह ट्रकों पर बतौर चालक नौकरी करता है। वह गोपालनगर, नजफगढ, दिल्ली निवासी संजय शर्मा के कंटेनर को लेकर दिनांक 6 जनवरी को गन्नौर आया था। कंटेनर खाली करने के बाद गाड़ी लाक कर वह खाना खाने के होटल गया था।

### हेल्थ यूनिवर्सिटी पहुंचे राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, बोले

# जितने संसाधन हैं, उन्हीं में अच्छे शोध करें, बजट भी बढ़ाया जाए

शोध को प्राथमिकता देते हुए शोध कार्यों के लिए बजट को भी बढ़ाया जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय सोमवार को पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय पहुंचे। उन्होंने यहां प्रशासनिक परिसर में फैकल्टी सदस्यों व रिसर्च स्कोलर्स से बातचीत की। उन्होंने रिसर्च स्कोलर्स का आह्वान किया कि वे उपलब्ध संसाधनों में ही गुणवत्ता परक शोध करें। शोध पत्रों में गुणवत्ता व स्पष्टता होनी चाहिए। स्वयं मेहनत करके आंकड़ें इकट्ठा करें। शोध को प्राथमिकता देते हुए शोध कार्यों के लिए बजट को भी बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा हर संभव मदद उपलब्ध करवाई जाएगी। बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि इस संवाद का मुख्य उद्देश्य शोध के कार्य में आने वाली बाधाओं को दूर करना है। उन्होंने रिसर्च स्कोलर्स से थॉमस एडीसन के जीवन से प्रेरणा लेने को कहा, जिन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद अनेक शोध किए। उन्होंने कहा कि शोधार्थी तकनीक को अपनाएं और हमेशा कुछ नया कार्य करने की जिज्ञासा रखें।



### उद्योग क्षेत्र से सहभागिता करें

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने सर्वश्रेष्ठ शोध कार्य के लिए पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के प्रबंधन व रिसर्च स्कोलर्स को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शोध को बढ़ावा देने के लिए उद्योग क्षेत्र व मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठानों के साथ सहभागिता करें। शोध को फैकल्टी सदस्यों तथा साथियों के साथ सांझा करें। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति अनीता सक्सेना, निदेशक डॉ. एसएस लोहचब, शोध सेल के प्रभारी एवं वरिष्ठ प्रो. डॉ. ध्रुव चौधरी और प्राचार्य डॉ. संजय तिवारी ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी दी।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर उपायुक्त अजय कुमार, पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग, विश्वविद्यालय की संयुक्त निदेशक मोनिका, कुलसचिव डॉ. एचके अग्रवाल, राज्यपाल के संयुक्त सचिव अमरजीत सिंह, डीन डॉ. केएस लालर और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल मौजूद रहे।

## सफलता का शॉर्टकट नहीं, मैं 20 साल घर नहीं गया, सिर्फ लोगों की सेवा की



**रोहतक।** राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने दादा लखमी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स के विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। विद्यार्थी अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करके उसे प्राप्त करें। उन्होंने छात्रों को भारतीय संस्कृति, वेदों और उपनिषदों में निहित नैतिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने इस दौरान छात्रों के सवालों के जवाब दिए। उन्होंने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का उदाहरण दिया और कहा कि राष्ट्र के प्रति उनकी विनम्र, समर्पित और निस्वार्थ सेवा ने उन्हें देश के सर्वोच्च पद तक पहुंचाया।

### शिक्षा के लिए हमारा समग्र दृष्टिकोण: कुलपति गजेंद्र

विश्वविद्यालय के कुलपति गजेंद्र चौहान ने कहा कि सांझा किया वे शिक्षा के लिए एक समग्र दृष्टिकोण रखते हैं, जिसका लक्ष्य न केवल ज्ञान प्रदान करना है बल्कि छात्रों के बीच महत्वपूर्ण सोच, रचनात्मकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना का पोषण करना भी है। वे लगातार बदलते वैश्विक परिदृश्य में कार्य करने के लिए आवश्यक कौशल और मानसिकता के साथ छात्रों को सशक्त बनाने में विश्वास करते हैं। इस अवसर पर उपायुक्त अजय कुमार, पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग, रजिस्ट्रार डॉ. गुंजन मलिक मनोचा, परीक्षा नियंत्रक वीपी नांदल, डीन छात्र कल्याण प्रोफेसर ज्ञानेंद्र सिंह, डीन अकादमिक डॉ. अजय कौशिक उपस्थित रहे।



## तनिष्क मना रहा हीरों का त्योहार

**रोहतक।** तनिष्क हीरों का त्योहार मना रहा है। इसी उपलक्ष्य में तनिष्क रोहतक अपने से जुड़े सभी ग्राहकों को निमंत्रित देते हुए बताया कि आने वाले हफ्ते में तनिष्क रोहतक में हीरो के गहनों पर साल की सबसे बड़ी छूट शुरू हो रही है। हीरो की ज्वैलरी खरीदने पर 25 फीसदी तक का डिस्काउंट और 3 फीसदी तक का एक्स्ट्रा डिस्काउंट अपने मेंबर्स को साथ में पुराना सोना बदलवाने पर 100 फीसदी तक की कीमत भी मिल रही है। आए हुआ सभी ग्राहकों ने आने वाले इस डिस्काउंट पीरियड के लिए उत्सुकता जताई और नई कलेक्शन की बुकिंग भी करवाई।

## काशी नगरी के जैसा बाबा लक्ष्मण पुरी का द्वारा



**रोहतक।** बाबा लक्ष्मणपुरी डेरे पर महामंडलेश्वर स्वामी कपिलपुरी महाराज, बाबा कमल पुरी महाराज के सानिध्य में हुई भजन संध्या से वातावरण भक्तिमय हो गया। गोकर्ण सजे बड़ा प्यारा, लगता है सबसे न्यारा, काशी नगरी के जैसा बाबा लक्ष्मणपुरी का दवारा। सिद्ध केशवपुरी की शक्ति, पाई संतों ने कर भक्ति, मरे हुए को जीवन देकर, क्या खूब दिखाई हस्ती भजन सुनकर गोकर्ण डेरे पर बैठी संगत भाव विभोर हो गई। भजनों पर भक्त भक्ति में लीन नजर आए। भजन संध्या में श्रीराधा नाम संग कीर्तन मंडल के सदस्यों ने हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे, हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे की ऐसी भक्तिमय धुन लगाई की सभी भक्तों की आंखें नम हो गई। वृंदावन बिहारी लाल की जय, जय जय श्री राधे, लक्ष्मण पुरी महाराज की जय के बाद दीदी पूर्णिमा ने मंगला चरण करते हुए संग कीर्तन आरंभ किया। फिर साध्वी पूर्णिमा ने गुरु वंदना का गुणगान किया। साध्वी पूर्णिमा द्वारा गाए भजन गोकर्ण पर आए हैं गोकर्ण पर आएंगे पर भक्तों ने भक्ति में लीन होकर नृत्य किया। इस मौके पर बाबा कालिदास महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरागिरी महाराज, सती भाई साई दास आश्रम से महंत राम सुख दास, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, मेयर मनमोहन गोयल मौजूद रहे।

## किसानों ने आंदोलन की रणनीति की तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक




अखिल भारतीय किसान सभा जिला कमेटी की बैठक सोमवार जिला प्रधान प्रीत सिंह की अध्यक्षता में जसबीर स्मारक में हुई । बैठक में संयुक्त किसान मोर्चा के आगामी आह्वान को लागू करने और किसानों की स्थानीय समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। किसान सभा एमएसपी पर फसल खरीद की गारंटी और बिजली कानून स्मार्ट मीटर योजना के खिलाफ गावों में अभियान चलाएगी। मीटिंग में किसान सभा जिला सचिव बलवान सिंह ने बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा के लंबित मुद्दों को लेकर आगामी अभियान की योजना बनाई गई । किसान सभा राज्य उपप्रधान इंदरजीत सिंह ने कहा की किसान आंदोलन के लंबित मुद्दों का जिसमें एमएसपी पर फसल खरीद की गारंटी देने ,बिजली बिल को वापिस लेने,किसान मजदूरों की कर्जा मुक्ति आदि मुद्दो का समाधान नहीं किया गया । जिला प्रधान प्रीत सिंह ने बताया कि सरकार की किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ देशभर में संयुक्त किसान मोर्चा ने आगामी किसान आंदोलन की घोषणा की है। जिसके तहत 16 जनवरी को संयुक्त मोर्चा की राष्ट्रीय कन्वेंशन पंजाब में होगी । 10 से 20 जनवरी तक गावों में जनजागरण अभियान चलाया जायेगा। और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर सरकारी कार्यक्रम के बाद किसान जिला में ट्रेक्टर परेड निकालेंगे। इसको लेकर संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक भी की जाएगी। 9 जनवरी को चौधरी छोटू राम की पुण्य तिथि भी गावों में मनाई जाएगी।

## मिड डे मील वर्कर्स को दो महीने से नहीं मिल रहा मानदेय, सीएम आवास के घेराव की रणनीति बनाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

मिड डे मिल वर्कर्स 11 जनवरी को मुख्यमंत्री आवास पर प्रदर्शन करेंगे। यूनियन ने सोमवार को बैठक की और रणनीति बनाई। जनसंपर्क अभियान के बाद यूनियन जिला प्रधान बबीता, सीटू जिला प्रधान कमलेश लाहली, सचिव रीना और सहसचिव प्रकाशचंद्र ने कार्यकर्ताओं के संबोधित किया।

सीटू और यूनियन नेताओं ने कहा कि सरकार मेहनतकश लोगों के खिलाफ नीतियां लागू कर रही है। महंगाई बढ़ रही है और मजदूरी घट रही है, जिसके चलते आम जनता आर्थिक संकट की मार झेल रही है। मिड डे मील वर्कर्स 12 महीने काम करती हैं और सरकार की तरफ से मानदेय 10 महीने का मिलता है। नई शिक्षा नीति के नाम पर सरकारी स्कूली व्यवस्था का भट्ठा बैठाया जा रहा है। मर्जर के नाम पर लगभग 5000 सरकारी स्कूल पिछले 5 वर्षों में बंद हो चुके हैं।

### ये हैं मांगें

- मिड डे मिल वर्करों का मानदेय तुरंत दिया जाए
- स्कूलों को मर्ज करना और उन्हें बंद करने का कदम वापस लिया जाए। इसके चलते जिन वर्कर्स को हटाया जा रहा है उन्हें कम पर वापस लिया जाए या उन्हें दूसरे स्कूलों में मर्ज किया जाए।
- वर्कर्स का मानदेय 10 महीने की बजाय 12 महीने दिया जाए।
- मिड डे मील वर्कर्स रिटायरमेंट की उम्र 65 वर्ष की जाए और रिटायरमेंट पर 2 लाख रुपये दिए जाएं।
- मिड डे मील वर्कर्स की बेगार बंद हो।
- स्कूलों में स्वयं सहायता समूह बंद हो।
- वर्दी भत्ता 2000 रुपये सालाना किया जाए। वर्दी भत्ते के बकाए का भुगतान हो।
- मिड डे मील वर्कर्स का मेडिकल निशुल्क को वह साल में एक बार हो।
- काम के दौरान घायल होने पर इलाज वह 50 हजार रुपये मुआवजा और मृत्यु होने पर 5 लाख रुपये मुआवजा मिले।
- सभी मिड डे मील कुक को ईएसआई व पीएफ में कर किया जाए।
- सभी मिड डे मील वर्कर्स को पक्का कर्मचारी का दर्जा दिया जाए और न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये किया जाए।

## नया बस स्टैंड चौक का नाम श्री राम चौक रखने की मांग



**महम।** कस्बा महम की विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं ने महम के नए बस स्टैंड चौक का नाम श्री राम चौक करने की मांग की है। धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने इसको लेकर नगरपालिका प्रधान के नाम एक ज्ञापन सौंपा है। काफी संख्या में शहर के कई व्यक्ति महम नगर पालिका कार्यालय पहुंचे। यहां पर वे नगर पालिका प्रधान भारती पंवार को ज्ञापन देने आए थे। लेकिन वहां पर प्रधान नहीं मिली तो उसके बाद उन्होंने उनके कार्यालय में मौजूद उनके ससुर फतेह सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि नए बस स्टैंड चौक का नाम श्री राम चौक करके वहां से श्री राम धर्मशाला तक जाने वाले मार्ग का नाम भी श्री राम मार्ग रखना चाहिए। नामकरण की मांग करने वालों में महम की धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं में शामिल पंचायती रामलीला क्लब, नामदेव रोहिल्ला समिति, जन जागृति अधिकार मंच, भारत विकास परिषद, अग्रवाल चेरिटेबल ट्रस्ट, सनातन धर्म रामलीला क्लब, श्री कृष्ण गोविंद भगवत धाम, आदर्श राम लीला क्लब, युवा अग्रवाल सभा,सेठ श्री माईदयाल नंबरदार निशुल्क सेवा केंद्र के सदस्य शामिल रहे।

## क्रिकेट टीम का एमडीयू ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

नागपुर की संत तुकडोजी महाराज यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित 19वीं ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वाइस चांसलर टी-20 क्रिकेट कप जीत कर सोमवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की एम्प्लाइज क्रिकेट टीम का शानदार स्वागत किया गया। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह, कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा, डीन एकेडमिक एफेयरस प्रो. एएस मान, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रणदीप राणा, शिक्षक संघ प्रधान डा. विकास सिवाच, गैर शिक्षक कर्मचारी संघ प्रधान राजकुमार शर्मा समेत एमडीयू समुदाय ने पुष्प मालाएं पहनाकर विजेता टीम सदस्यों का हार्दिक अभिनंदन किया और उनके खेल प्रदर्शन की सराहना की।कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि एमडीयू की एम्प्लाइज क्रिकेट टीम ने राष्ट्रीय स्तर पर अपने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन से एमडीयू को गौरवान्वित किया है। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि एमडीयू में खेल संस्कृति विकसित करने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है। विद्यार्थियों के साथ विवि कर्मियों और उनके परिजनों को भी खेल मैदान से जोडऩे के लिए प्रेरित किया जा रहा है, प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने क्रिकेट टीम के सभी सदस्यों को बधाई एवं स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दी।

### टीम के सदस्यों को दी बधाई

डीन एकेडमिक एफेयरस प्रो. एएस मान, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रणदीप राणा, मडूटा प्रधान विकास सिवाच व एनटीईए प्रधान राजकुमार शर्मा ने भी टीम के सभी सदस्यों को बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए बधाई दी और उनकी उपलब्धि को सराहा। इससे पूर्व गैर शिक्षक कर्मचारी संघ कार्यालय में भी इस क्रिकेट टीम का भव्य स्वागत टीचिंग प्रधान डॉ. विकास सिवाच तथा नॉन टीचिंग प्रधान राजकुमार शर्मा ने किया। इस दौरान डा. हरकेश सहरावत व विकास रोहिल्ला ने भी विजेता टीम को बधाई दी।इस अवसर पर एमडीयू एम्प्लाइज क्रिकेट टीम कप्तान राज, उप कप्तान डॉ. विपिन सैनी, टीम सदस्य- डॉ. सुखबीर हुड्डा, पंकज नैन, दीपक कुमार, नरेन्द्र शीलक, गौरव दूरेजा, योगेंद्र सिवाच, आनंद प्रजापति, प्रवीन कुमार, रामबीर राणा, ऋषि सैनी, राजेश पंवार, सुनील कुमार, महिपाल फौगाट, राजेश शर्मा समेत एमडीयू के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 में कोल्हापुर की शिवाजी यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित 17वीं ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वाइस चांसलर टी-20 क्रिकेट कप की ट्राफी भी एमडीयू एम्प्लाइज क्रिकेट टीम ने जीती थी।

## मानसिक स्वास्थ्य ठीक रखने के टिप्स दिए

**रोहतक।** पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में प्राचार्य डॉ. लोकेश बल्हारा की अध्यक्षता में महिलाओं का स्वास्थ्य एवं सफाई विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आमंत्रित विशेष वक्ता डॉ. आरती साहू ने छात्राओं को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य और साफ-सफाई के बारे में विशेष जानकारी और टिप्स दिए। वहीं, बीमारियों से बचने के उपाय बताए। डॉ. साहू ने व्याख्यान के पश्चात छात्राओं के अनेक समस्याओं का समाधान किया, उन्हें अच्छी दवाइयां और फिजियोथेरेपी के बारे में बताया। प्राचार्य डॉ. लोकेश बल्हारा ने मानसिक स्वास्थ्य पर अपने विचार रखें। कार्यक्रम का संचालन महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. रेनू राणा के द्वारा किया गया।

### दोनों गांवों में योजना के 3608 में से 96 ने लिया स्वास्थ्य बीमा का लाभ

# संकल्प यात्रा का खिड़वाली व कटवाडा गांवों में स्वागत

- दोनों गांवों में 1401 लाभार्थी ले रहे है सामाजिक सुरक्षा पेंशनों का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



खिड़वाली व कटवाडा गांवों में पहुंचने पर विकसित भारत संकल्प यात्रा का ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। दोनों गांवों में 1401 लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशनों का लाभ दिया जा रहा है। इन गांवों में आयुष्मान व चिरायु हरियाणा योजना के कुल 3608 लाभार्थियों में से अब तक 96 लाभार्थियों ने 27.31 लाख रुपये की धन राशि के स्वास्थ्य बीमा का लाभ उठाया है। इन गांवों में अब तक 39 पेंशन स्वतः बनी हैं। उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि खिडवाली गांव में 1233 लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। अब तक इस गांव में 24 पेंशन स्वतः बनी हैं। गांव में आयुष्मान व चिरायु योजना के 2957 लाभार्थियों में से 67 लाभार्थियों ने स्वास्थ्य बीमा के तहत 20 लाख 3 हजार रुपये का लाभ प्राप्त किया है। कटवाडा गांव में 168 लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। अब तक इस गांव में 15 पेंशन स्वतः बनी हैं। गांव में आयुष्मान व चिरायु योजना के 651 लाभार्थियों में से 29 लाभार्थियों ने स्वास्थ्य बीमा के तहत 7 लाख 28 हजार रुपये का लाभ प्राप्त किया है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से लोगों को दिया संदेश

रोहतक। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिला के गांव खिड़वाली व कटवाडा में कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खिड़वाली गांव में आयोजित कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंस से लोगों को विकसित भारत संकल्प यात्रा का संदेश दिया तथा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा देश के गरीब, महिला, किसान व युवा के उत्थान के लिए कार्य किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। सतीश नांदल ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा समाज के गरीब वर्गो के कल्याण के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- BAMS Doctor 2
- Nursing Staff 6
- RMO 4
- Computer Operator 1
- Accountant 1
- Gatekeeper 3
- Sweeper 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

चेहरे की सुंदरता बढ़ाएं
Levo Fairness Cream
चेहरे पर छाईयां, दाग-धब्बे (डार्क सर्कल) कम करने में लाभदायक
MRP. 120/-

मोटापा घटाएं, जोड़ों (घुटनों/डिस्क) दर्द, गंजापन (बालों का झड़ना/सफेद होना) ब्रेस्ट क्रीम (महिला), पुरूष रोग (जोश व टाईम) हर्बल कोर्स मंगवाएं
अभी ऑर्डर करें। घर बैठे मंगवाएं
8529169000
MHC Ayurveda: Rohtak Gate, Bhiwani
आवश्यकता: महिला (घर बैठे काम करें)

## खबर संक्षेप



### बेटियां भी बेटों से कम नहीं : धर्मपाल

**रोहतक।** बेटियां भी बेटों से कम नहीं होती इसी पंक्ति को सार्थक करने के लिए और बेटी को सामानता देने के लिए एडवोकेट धर्मपाल ने अपनी पौत्री ताश्विका के जन्म पर ढोल बाजों के साथ कुआं पूजन करवाया और एक नई मिसाल कायम की। एडवोकेट धर्मपाल ने कहा कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं।



### जरूरतमंद लोगों को किया सरसों का तेल वितरित

**रोहतक।** राजीव दीक्षित चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सोमवार को विजयनगर में चिरायु कार्ड व आयुष्मान कार्ड का कैंप जरूरतमंद लोगों को सरसों का तेल वितरित किया। यह जानकारी डिप्टी मेयर अनिल कुमार ने दी। उन्होंने कहा कि सरकार की चिरायु कार्ड योजना को लोग तक पहुंचाने का कार्य किया गया। इस मौके पर सतेंद्र स्वामी, डॉ. रोहित जांगड़ा, विकास पवार, जगमेंद्र दहिया, सुभाष मलिक, परवीन अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

# वार्ड-9 में 975.11 लाख रुपये से होंगे विकास कार्य : गोयल

## मेयर मनमोहन गोयल ने पांच साल के कार्यकाल का लेखा-जोखा किया पेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

- सबसे कम वार्ड 7 में 42 .27 लाख लगेंगे
- 22 वार्ड में 84 करोड़ से विकास कार्य

मेयर मनमोहन गोयल ने पांच साल के दौरान अलग-अलग 22 वार्ड में करीब 84 करोड़ से विकास कार्य करवाए। इनमें वर्ष 2023 में 18 करोड़ के कार्य करवाए गए हैं जिसकी राशि का भुगतान हो चुका है। पार्षद जयभगवान के वार्ड नम्बर 9 में सबसे अधिक 975.11 लाख की लागत से काम करवाए गए जबकि सबसे कम पार्षद मनोज कुमार के वार्ड नम्बर 7 में 42.27 लाख की राशि विकास कार्यों पर खर्च की जाएगी। कुल मिलाकर सौ से अधिक विकास कार्य करवाए गए हैं। मेयर मनमोहन गोयल ने बताया कि अमृत योजना के तहत बोहर, गढ़ी बोहर, मस्तनाथ नगर, कन्हेली, बलियाना, पहरावर, सुनारियां खुर्द, रामजोहड़ी रोहतक, सुनारियां कला, समेत 12 जगह बूस्टर बनाए गए हैं। जिनको शुरूआत में छह माह के लिए ट्रायल पर चलाया जाएगा। कई जगह पेयजल की सप्लाई भी शुरू हो चुकी है। इसके अलावा चार एसटीपी सिंहपुरा, गढ़ी बोहर, गोहाना रोड मकड़ौली सहित कन्हेली डेयरी कॉम्प्लेक्स में बनाए गए हैं।



### छह शौचालयों का किया उदघाटन

वार्ड 9, 11, 12, 13, 21 और 8 में नवनिर्मित सार्वजनिक शौचालयों का उदघाटन मेयर मनमोहन गोयल, सीनियर डिप्टी मेयर राजकमल सहगल द्वारा किया गया। वार्ड 8 में होली हार्ट अस्पताल द्वारा सीएसआर स्कीम के तहत निर्मित सार्वजनिक शौचालय बनाया गया है। इसके अलावा पहरावर, सिंहपुरा रोड, करतारपुरा और नए बस स्टैंड पर सीएसआर पर चार शौचालय बनाए जा रहे हैं। हर वार्ड में अतिरिक्त अनुमानित लागत के तौर पर 494.06 लाख भी खर्च किए जाएंगे।

| वार्ड | लागत लाख | खर्च किए |
|---|---|---|
| 1 | 637.8 | 69.99 |
| 2 | 453.99 | 12.11 |
| 3 | 137.72 | 14.48 |
| 4 | 241.43 | 70.27 |
| 5 | 238.61 | 5516 |
| 6 | 357.47 | 36.36 |
| 7 | 42.27 | 16.72 |
| 8 | 185.01 | 34.51 |
| 9 | 975.11 | 333.44 |
| 10 | 389.87 | 59.76 |
| 11 | 728.86 | 184.44 |
| 12 | 165.18 | 34.96 |
| 13 | 283.07 | 103.64 |
| 14 | 303.26 | 34.91 |
| 15 | 144.63 | 41.60 |
| 16 | 240.27 | 56.75 |
| 17 | 271.28 | 43.77 |
| 18 | 666.75 | 115.49 |
| 19 | 170.20 | 7.94 |
| 20 | 251.24 | 74.56 |
| 21 | 634.41 | 159.65 |
| 22 | 383.84 | 28.33 |

# मेयर के घर भाजपा की टीम ने राज्यपाल का अभिनन्दन किया



**रोहतक।** मेयर सेठ मनमोहन गोयल के आवास पर पहुंचे महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय का भाजपा जिला टीम ने जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका के नेतृत्व में अभिनन्दन किया। रणवीर ढाका ने पूरी टीम का परिचय करवाया। इस अवसर उन्होंने महाराजा अग्रसेन विकास ट्रस्ट की एक स्मारिका का विमोचन भी किया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, उद्योगपति राजेश जैन, राकेश गोयल, जिला उपाध्यक्ष हरिओम मित्तल भाली, मदन गोयल, नवीन गोयल गुरुग्राम, पूर्व विधायक सरिता नारायण, प्रदेश मंत्री रेणु डाबला, उदयभान, राजकुमार कपूर, राजकुमार सुनारिया, विजय बाबा, ज्योत्स्ना रोहिल्ला, आशा शर्मा, सुरेश किराड़, गीता, संगीता, उषा, वीणा, बलबीर रंगा, शमशेर कलिंगा, सुरेश सैनी, अशोक सहगल, राजीव भांखर, संजीव वर्मा, मनोज मक्कड़, सूरजमल किलोई, राजकुमार शर्मा, महेंद्र भाली, अशोक खुराना, बॉबी गजराज सुनील, अमित बंसल, विपिन गुप्ता, विपिन गोयल, संचित नांदल मौजूद रहे।



# अग्रोहा मेडिकल तीन करोड़ लोगों की आशा की किरण : जिंदल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

- बिमल प्रसाद जैन प्राइवेट वार्ड का किया लोकार्पण

महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज सोसाइटी प्रदेश के लोगों के साथ-साथ राजस्थान, पंजाब राज्यों की जनता को भी स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए तत्पर है। महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज अग्रोहा में बिमल प्रसाद जैन प्राइवेट वार्ड का लोकार्पण कर एक समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि 'एलपीएस बोसार्ड प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राजेश जैन व विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री अग्रोहा मेडिकल की अध्यक्ष सावित्री जिंदल द्वारा प्राइवेट वार्ड आम जनता को समर्पित किया। सावित्री जिंदल ने कहा कि अग्रोहा मेडिकल हरियाणा पंजाब, राजस्थान के तीन करोड़ लोगों की आशा की किरण है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेयर मनमोहन गोयल व सोसाइटी के महासचिव जगदीश मित्तल ने की। समारोह का संचालन मेडिकल के निदेशक डॉ. अलका छाबड़ा, एमएस डॉ. राजीव चौहान, डीएमएस डॉ. शमशेर मलिक, एडमिन निदेशक डॉक्टर आशुतोष शर्मा ने किया। इस अवसर पर ओपी जिंदल अडिटोरियम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा युद्ध में अनाथ हुए बच्चों पर एक लघु नाटिका प्रस्तुत गई। मुख्य अतिथि राजेश जैन ने कहा कि हमें महाराजा अग्रसेन के अहिंसा के सिद्धांत का पालन करते हुए शुद्ध आचरण वाला जीवन जीना चाहिए।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर बीपी जैन स्किल डेब्लपमेंट सेंटर की निदेशक संध्या जैन, ओएसडी गोपेश शर्मा, डॉ. प्रमिला पांडे, पीआरओ अंकित राज शर्मा, निर्मला जैन, जगदीश जिंदल, आरसी गुप्ता, डॉ. अलका छाबड़ा, डॉ. सगात शर्मा, डॉ. राजीव चौहान, डॉ. सीबी शर्मा, सीएमओ डॉ. राकेश वत्स, डॉ. सुर कश्यप, डॉ. राकेश शर्मा, डॉ. संदीप राणा, डॉ. उमेश शुक्ला, डॉ. पूजा कटारिया मौजूद रहे।



# दायित्व लेना ही पर्याप्त नहीं है निभाना भी आवश्यक : फणीन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

- मीडिया व सोशल मीडिया आज के युग की जरूरत : ढाका

भाजपा जिला मीडिया व सोशल मीडिया की समीक्षा बैठक जिला कार्यालय में हुई। इसमें मीडिया व सोशल मीडिया से सम्बंधित लगभग दो दर्जन कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में प्रदेश संगठनमंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने कहा कि दायित्व लेना ही पर्याप्त नहीं है, उसको निभाना भी जरूरी है। नेतृत्व की संतुष्टि उसके कौशल व प्रबंधन से होगी। दायित्व लेने वाले कार्यकर्ता को खुद देखना होगा और निरन्तर आत्मनिरीक्षण करना होगा। तभी कार्यकर्ता अच्छे पद के लायक हो सकता है।

जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका ने कहा कि वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों में मीडिया व सोशल मीडिया का महत्व बढ़ गया है। चूंकि आम जीवन में भी सोशल मीडिया व मीडिया का महत्व बढ़ा है इसलिए दायित्व को और सजगतापूर्वक निभाना होगा। जिला मीडिया समन्वयक हरिओम मित्तल भाली ने कहा कि विपक्ष के एजेंडे को खारिज करते हुए अपने दल की नीतियों की निगरानी और मिल रहे रिस्पॉन्स देखना होगा। इसके अलावा सतीश आहूजा, विकास पंवार, वजीर खोखर, अतुल शर्मा, रिंकू कपूर, सुनील राठौड़, ललित शर्मा, अंकित शर्मा, बॉबी गजराज, रॉकी सहगल, हरिओम गोयल, मयंक अग्रवाल मौजूद रहे।

### श्री कृष्ण गोशाला में मनेगी मकर संक्रांति

**महम।** कस्बा महम में फरमाणा रोड स्थित श्री कृष्ण गोशाला में मकर संक्रांति हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। रविवार 14 जनवरी को सुबह 10 बजे हवन यज्ञ किया जाएगा। गौशाला में सुबह 11 बजे लोक कलाकार देशभक्ति व धर्म कर्म से ओतप्रोत भजन व रागनी प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं का मनोरंजन करेंगे। गौशाला के मुख्य संस्थापक धर्म सिंह सैनी ने बताया कि राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा मकर सक्रांति समारोह के मुख्य अतिथि होंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नेत्री राधा अहलावत करेंगी जबकि खरकड़ा निवासी वजीर सिंह हुड्डा समारोह के विशिष्ट अतिथि होंगे। गोशाला संरक्षक महंत सतीश दास ने बताया कि इस दिन हर साल ही गोभक्त गायों के चारे आदि के लिए

# पुलिस की पहल, गांवों में खेल शुरू करवाए युवाओं को नशे के पास फटकने नहीं देंगे



- खेलों का मुख्य उद्देश्य युवाओं को अपराध व नशे से दूर रखना है : एसपी

**रोहतक।** जिला पुलिस द्वारा युवाओं के लिए एक नई पहल शुरू की गई है। जिन गांवों में युवक-व्यक्ति नशा करने के आदि व अपराधों में ज्यादा संलिप्त है। उन गांवों में स्पेशल अभियान चलाया गया है।

इस अभियान की शुरुआत गांव सांघी, बोहर, रिटोली, चमारिया, सुनारिया, कारौर, इस्माइला व निंदाना में की गई है। इन जगहों पर गांव स्तर पर बास्केट बॉल, साइकलिंग, 100 मीटर रेस, लॉग रेस, बॉक्सिंग, क्रिकेट, कबड्डी व कुश्ती का खेल-खेला गया। यह जानकारी एसपी हिमांशु गर्ग ने दी। उन्होंने बताया कि इन खेलों का मुख्य उद्देश्य युवाओं को अपराध व नशे से दूर कर उनके अच्छे भविष्य की ओर प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि युवा नशा व आपराधिक गतिविधियों से दूर रहकर अपने आपकों पहचाने व एक अच्छे अवसर से इसकी शुरुआत करें। उप पुलिस अधीक्षक विरेंद्र को इस स्पेशल अभियान का नोडल अधिकारी बनाया गया है। उनके नेतृत्व में थाना में तैनात ग्राम प्रहरी के द्वारा गांव में खेल आयोजित किए जाएंगे।

### रोहतक ने सिरसा और जींद ने पंचकूला दी मात

**रोहतक।** सैनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित की जा रही लड़कों की सीनियर हरियाणा स्टेट फास्ट 5 नेटबॉल चैंपियनशिप में सोमवार को रोहतक ने सिरसा को हराया, जींद ने पंचकूला और भिवानी ने कैथल को हराया। सोनिया ने हिसार को हराया। लड़कियों के 2वीं सीनियर स्टेट वर्ग में सोनीपत ने कैथल को हराया। जींद ने भिवानी को हराया। सिरसा ने पानीपत को हराया। रोहतक ने झज्जर को हराया। इस प्रतियोगिता के दौरान सैनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य राम कुमार सैनी व नेटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव विजेंद्र सिंह दहिया व विकास शर्मा अध्यक्ष चंडीगढ़,मास्टर राजेश सैनी, ओम प्रकाश टिकोरिया उप्रधान सैनी एजुकेशन सोसायटी,नवीन सैनी , संदीप सैनी रहे।

### सफाई कर्मियों को कौशल रोजगार निगम पोर्टल से जोड़ने के निर्देश

महम। भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के तहत कार्यरत राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग ने महम नगर पालिका प्रधान को ठेके पर कार्य कर रहे सफाई कर्मचारियों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम पोर्टल से जोड़ने के निर्देश दिए हैं। लोकनायक भवन खान मार्किट नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के सहायक निदेशक अंकुश चुघ ने अपनी तरफ से जारी किए गए पत्र में कहा है कि उनको महम के सफाई कर्मचारी राजेश कुमार व अन्य ने शिकायत दी थी। उनको नियमानुसार वेतन नहीं दिया जा रहा। इसलिए राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष ने इस बात की सिफारिश की है कि इन सफाई कर्मचारियों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम पोर्टल से जोड़ा जाए। सफाई कर्मचारी श्यामू ने बताया कि इस चिट्ठी के बाद उनको अपने रोजगार को लेकर आश बंधी है। ठेकेदार उनको पूरा वेतन नहीं दे रहा। पहले तो वे अल्प वेतन में काम करते थे। अब आंदोलन व धरना प्रदर्शन के बाद कुछ वेतन में बढोतरी का आश्वासन दिया गया है। यदि उनको कौशल रोजगार निगम के तहत जोड़ दिया गया तो वे राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अधिकारियों व पदाधिकारियों के बहुत आभारी रहेंगे।

# साइबर क्राइम से सावधान, विदेशी और बिजनेसमैन बताकर करते हैं दोस्ती

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक



- काफी दिनों तक आपस में बातचीत करने पर वो आपको गिफ्ट या आई फोन इत्यादि भेजने का देते हैं लालच

हर व्यक्ति मोबाइल, इंटरनेट तथा सोशल मीडिया से जुड़ा हआ है। वह अपना हर काम ऑनलाइन के माध्यम से कर रहे हैं, लेकिन कुछ साइबर क्रिमिनल जो इंटरनेट पर लोगों को वेबकूफ बनाकर उनके साथ धोखाधड़ी कर ठगी करने की वारदात को अंजाम देते हैं। ऐसे व्यक्तियों से सावधान रहनें की आवश्यकता है। यह बात एसपी हिमांशु गर्ग ने कही।

उन्होंने कहा कि कुछ साइबर क्रिमनल खुद को विदेशी बताकर सोशल मीडिया पर खुद की अच्छी जॉब या खुद को अच्छा बिजनेसमैन बताकर दोस्ती करते हैं। जिससे कुछ लोग उनकी बातों में आकर उनके साथ दोस्ती कर लेते है। उसके बाद फेसबुक तथा व्हाटसअप के माध्यम से बातचीत करते हैं। काफी दिनों तक आपस में बातचीत करने पर वो आपको गिफ्ट या आई फोन इत्यादि भेजनें के लिए कहते है और कहते है कि आपको बस कस्टम ड्यूटी देनी है। ऐसे में आपको गिफ्ट, आई फोन इत्यादि के लालच में आकर कोई किसी भी प्रकार की कस्टम ड्यूटी भरने की जरुरत नहीं है क्योंकि साइबर क्रिमिनल आपसे धीरे-2 करके लाखों रकी राशि ठग लेते है।

### अजनबी पर विश्वास न करें

ऐसे में किसी अजनबी पर विश्वास ना करें और अगर कोई व्यक्ति आपको कस्टम ड्यूटी की डिमांड करता है तो सावधान हो जाए वह साइबर क्रिमनल है। उन्होंने कहा कि अगर आपके साथ किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी हो जाती है तुरंत नंबर-1930 पर कॉल करें।

# बच्चों को सिखाया प्राथमिक चिकित्सा कैसे दें

- डीपीसी रेनू खत्री ने किया प्रदर्शनी का अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक



शिक्षा विभाग द्वारा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बहु अकबरपुर में पांच दिवसीय जीवन कौशल विकास शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में भाग लिया। रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा बच्चों को प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर के समापन पर विद्यार्थियों ने विभिन्न वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाई, जिसका डीपीसी रेनू खत्री ने अवलोकन किया।

इस प्रदर्शनी में जैम, जैली, अचार, पेपर मैसी, टाई एंड डाई, कीचन गार्डन, बैंक में सभी प्रकार के खातों, डाकघर की जानकारी से संबंधित प्रदर्शित की गई। डीपीसी रेनू खत्री ने कहा कि विद्यार्थी हर प्रकार की गतिविधियों में बढ़चढ़कर भाग लें। ऐसी गतिविधियों में प्रतिभागिता से सर्वांगीण विकास होता है। एसएमसी सदस्यों, गांव के सरपंच और अभिभावकों के द्वारा भी प्रदर्शनी की सराहना की।

**ये रहे मौजूद :** इस मौके पर एपीसी राजेश मलिक, प्राचार्य गीता, बबीता, मीनाक्षी, अंजू, अनीता मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## रावमावि सिंहपुरा खुर्द में लाइफ स्किल डेवलपमेंट कैंप

# सुंदर लेखन की बारीकियों के बारे में समझाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिंहपुरा खुर्द में लाइफ स्किल डेवलपमेंट कैंप का सोमवार को शुभारंभ जिला बाल कल्याण अधिकारी सोमदत्त खुंडिया और अशोक शर्मा राज्य कार्यकारी प्रधान स्कूल कैडर लैक्चरर एसोसिएशन हरियाणा सलाह द्वारा किया गया। प्राचार्य सुरेंद्र कुमार ने बताया कि कैंप पांच दिन तक चलेगा।

इस कैंप का आयोजन हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के निर्देशानुसार किया जा रहा है। कैंप में छात्राओं को अंग्रजी हिंदी लेखन के लिए राइटिंग एक्सपर्ट ओमप्रकाश सिवाच ने सुंदर लेखन की बारीकियों के बारे में विस्तार से समझाया। अंग्रेजी को बोलने बारे अंग्रेजी प्रवक्ता जसवंती रानी ने छात्राओं को अंग्रेजी बोलने के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया तथा अंग्रजी बोलने के फायदे बारे विस्तार से जानकारी दी।

नीरू बाला प्रवक्ता द्वारा भी बच्चों को लाइफ स्किल कैंप के उद्देश्यों बारे विस्तार से बच्चों को बताया गया। अशोक शर्मा ने कहा कि इस तरह के कैंप छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए लाभदायक साबित होंगे। जिला बाल कल्याण अधिकारी खुंडिया ने कहा कि ये कैंप छात्राओं के लिए बहुत ही उपयोगी होंगे, जीवन में इसका छात्राओं को बहुत फायदा होगा। इस अवसर पर कविता वर्मा और विपिन भी मौजूद रहे।

# दादा बिसादा मंदिर बलियाणा में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

दादा बिसादा मंदिर बलियाणा में परीक्षित देशवाल ने अपने स्व.दादा कुलबीर सिंह आर्य व दादी महेमा देवी की याद में बुजुर्गों के लिए सम्मान समारोह व स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसे समस्त ग्रामीणों ने इस कार्य को सराहा। इस दौरान हवन यज्ञ भी किया गया। साथ ही सर्दी को देखते हुए गरीब और असहायों बुजुर्गों को गर्म कंबल बांटे गए।